# दस पिस्टल व कारतूस के साथ 5 पकड़े

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में गैंगस्टर गोगी और दिनेश कराला गैंग एक बार फिर से अपना खोया हुआ वर्चस्व कायम करने के लिये

हथियार इक्ट्ठा कर रहा है। इनकी योजनाओं को विफल करते हुए बुध विहार पुलिस ने इन गैंग के पांच शूटरों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से ऑस्ट्रिया,इटली और तुर्की आदि में बनी 17 पिस्टल,106 कारतूस और दो गाडियां बरामद की हैं। पकड़े गए आरो. पियों में मुख्य रूप से मुख्य फाइनेंसर राहुल उर्फ डोगरा और सप्लायर सुरेंद्र उर्फ काला है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करके उनके बाकी नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बुध विहार इंस्पेक्टर संदीप गोदारा के निर्देशन में एक टीम इलाके में हथियार रखने वालों के बारे में जानक. ारी जुटा रही थी। इस बीच पुख्ता जानकारी के बाद राहुल माथुर उर्फ डोगरा को उसके ठिकाने पर छापेमारी करके गिरफ्तार किया। जब वह अपने साथी मंजीत उर्फ मोनू से मिलने आया था। पकड़े जाने के वक्त उसने अपनी महिंद्रा थार को सडक की गलत साइड पर चलाकर भागने की कोशिश की। उसके कब्जे से 4 हथियार बरामद किए। उसकी निशानदेही पर उसके साथी कुणाल उर्फ कुकू को एक पिस्टल के साथ पकड़ा।

कुणाल की निशानदेही पर आदित्य उर्फ बॉबी को दो हथियार के साथ पकड़ा। पता चला कि सुरेंद्र उर्फ काला इस गैंग को अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाला मुख्य सॉर्स रहा है। वह पहले से ही आर्म्स एक्ट में जेल में बंद था। जिसको औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। सुरेंद्र उर्फ काला से पूछताछ करने के बाद हापुड़ जिले के हृदयपुर गाँव में छापे मारकर इकबाल को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पांच पिस्टल और 21 पिस्टल बरामद की।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चारों आरोपी दिनेश कराला उर्फ गोगी गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। टिल्लू और चिचड़ गैंग के साथ चल रही आपसी गैंगबाजी के कारण, वे अपनी आपराधिक दबंगई को मजबूत करने के लिए अवैध रूप से हथियारों को खरीद रहे थे। सोशल मीडिया पर हथियारों का प्रदर्शन करके, वे नाबालिगों और युवाओं को गैंग की गतिविधियों में शामिल होने के लिए लुभाने और उकसाने का काम भी कर रहे हैं। यह गैंग दिल्ली के बाहरी इलाकों में रंगदारी वसूलने और जमीन पर कब्जा करने जैसी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल है, और इसके हरियाणा के गैंगस्टरों के साथ भी गहरे संबंध हैं।

## कार की टक्कर से स्कूटी चालक की फ्लाईओवर से गिरकर मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** डाबरी फ्लाईओवर पर सुबह एक सडक हादसे में जैमेटो डिलीवरी ब्वॉय जो स्कूटी से कहीं पर जा रहा था। उसकी कार से टक्कर हो गई। डिलीवरी ब्वॉय टक्कर लगने के बाद फ्लाईओवर से नीचे गिर गया,जिससे उसकी मौत हो गई। हादसे का एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि डाबरी पुलिस को सुबह साढ़े छह बजे डाबरी फ्लाईओवर, पंखा रोड पर एक सडक हादसा होने की पीसीआर कॉल मिली थी। कॉलर ने बताया कि एक व्यक्ति डाबरी फ्लाईओवर से नीचे गिर गया है, एम्बुलेंस की जरूरत है। पुलिस मौके पर पहुंची,फ्लाईओवर पर क्षतिग्रस्त हालत में स्कूटी और मारुति स्विफ्ट कार खड़ी थी। पता चला कि स्कूटी चालक नीचे गिर गया है। स्कूटी चालक की गंभीर हालत देखते हुए उसे तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया। स्कूटी नंबर की सहायता से उसके परिवार को हादसे की जानकारी दी,जिन्होंने मोर्चरी पहुंचकर मृतक की पहचान 25 साल के राजकुमार के रूप में हुई। वह मूलरूप से ग्राम पटवार,गोड्डा,पोड़ैयाहाट, झारखंड का रहने वाला था।

# हत्या का बदला लेने को जमानत पर आया था बाहर, कुल्लू से पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** अंबेडकर नगर इलाके में बीते मार्च महीने में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वारदात में शामिल फरार आरोपी अभिषेक उर्फ भोला उर्फ करण को स्पेशल स्टॉफ ने गिरफ्तार कर लिया है। वह 18 वारदातों में शामिल रहा है।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नौ मार्च को मदनगीर, जी-ब्लॉक, भूमिया चौक के पास निखिल नागर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करके आरोपी राहुल उर्फ इशू को गिरफ्तार कर लिया था,जिससे पूछताछ में मुख्य आरोपी अभिषेक उर्फ भोला उर्फ करण के बारे में पता चला था। जिसके कई ठिकानों पर छापेमारी की गई थी। मगर वो ठिकाने जल्द जल्द बदल रहा था। वह अपना मोबाइल फोन भी इस्तेमाल नहीं कर रहा था। एसपी अरविंद कुमार की देखरेख में इंस्पेक्टर अनुज कुमार के निर्देशन में पुलिस ने उसके कुछ जानकारों के फोन को सर्वलांस पर लगाया और ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली।

पुख्ता जानकारी के बाद कुल्लू जिले, हिमाचल प्रदेश के न्यू मनाली स्थित बस स्टैंड के पास से उसको गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर आरोपी से पता चला कि वारदात के वक्त उसने अपने सह-आरोपी राहुल उर्फ इशू के साथ मिलकर, मदनगीर के भूमिया चौक स्थित एक सार्वजनिक शौचालय के पास निखिल नगर की गोली मार कर हत्या की थी। उसने अपने प्रतिद्वंद्वियों को खत्म करने के इरादे से जमानत हासिल की थी और उसने सुनियोजित हत्याओं की योजना बनाई थी। उसे अपने एक साथी से आर्थिक मदद भी मिली थी और संगम विहार के एक व्यक्ति के प्रति उसके मन में निजी रंजिश थी। यह भी पता चला कि अपराध का मकसद दो गुटों के बीच 2016 से चली आ रही पुरानी रंजिश में छिपा है। 2021 में, यह रंजिश तब और बढ़ गई जब अंबेडकर नगर के एक मामले में आरोपी के चचेरे भाई कुणाल की हत्या कर दी गई। इस हत्या में कथित तौर पर निखिल नगर शामिल था। इस हत्या का बदला लेने के लिए, उसने अपने साथी के साथ मिलकर हत्या की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया।

## समर ट्रैवल कैंपेन के लिए किया करार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** क्लूक इंडिया ने मशहूर फिल्मकार और व्यक्तित्व फराह खान के साथ अपने नए समर ट्रैवल कैंपेन के लिए साझेदारी की घोषणा की है। इस अभियान का उद्देश्य भारतीय यात्रियों को परिचित जगहों को नए और अनोखे अनुभवों के जरिए फिर से जानने के लिए प्रेरित करना है। क्लूक इंडिया एवं मिडल इस्ट के मार्केटिंग लीड शिवम त्यागी ने कहा की यह अभियान उस यात्रा के एक सच्चे अनुभव को सामने लाता है, जिसे कई भारतीय यात्री आसानी से समझ पाएंगे। अक्सर ऐसा होता है कि किसी मशहूर जगह पर जाने के बावजूद छुट्टियां उन्हीं जाने-पहचाने रास्तों, सुझावों और तयशुदा यात्रा कार्यक्रमों के इर्द-गिर्द ही घूमती रहती हैं।

## ड्रग्स के साथ पकड़े

**नई दिल्ली।** भारत में अवैध तरीके से रहकर अंतर्राज्जीय ड्रग्स सिंडिकेट का हिस्सा बनकर दिल्ली एनसीआर में ड्रग्स सप्लाई करने वाले दो विदेशी नागरिकों को मैदानगढ़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान नाहजीरियन नागरिक चिजीओके विजडम और चिक. ोजी के रूप में हुई है। जिनके कब्जे से 102 ग्राम कोकीन,13 ग्राम एमडीएमए,85 ग्राम मेथैक्यूलोन और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी बरामद की है। आरोपियों से उनके नेटवर्क के बारे में जानकारी लेने की कोशिश कर रही है। पुलिस ने उनके मोबा. इल फोन की भी कॉल डिटेल को खंगाल रही है।

## दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की पीडब्ल्यूडी अधिकारियों के बीच समन्वय बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस मुख्यालय टोडापुर, में दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के बीच एक समन्वय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का उद्देश्य दिल्ली में ट्रैफिक जाम को कम करने और सड़क सुरक्षा में सुधार लाने के लिए व्यापक उपायों पर विचार-विमर्श करना था।

इस बैठक में पीडब्ल्यूडी अधिकारियों की एक टीम ने भाग लिया, जिसका नेतृत्व अतिरिक्त महानिदेशक शजगजीवन राम मीणा ने किया। इसके अलावा, संयुक्त पुलिस आयुक्त ट्रैफिक संजय त्यागी के नेतृत्व में सभी पुलिस उपायुक्त/ट्रैफिक रेंज, ट्रैफिक जोन-1 के अतिरिक्त आयुक्त और मुख्यालय के अधिकारियों ने भी बैठक में शिरकत की।

बैठक के दौरान, दुर्घटनाओं और ट्रैफिक जाम की आशंका वाले संवेदनशील स्थानों पर प्रभावी ट्रैफिक इंजीनियरिंग उपायों को लागू करने पर विस्तृत चर्चा की गई। दोनों एजेंसियों ने दिल्ली की सड़कों पर रोजमर्रा की चुनौतियों से निपटने के लिए एक समन्वित और समाधान-उन्मुख दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।



दिल्ली ट्रैफिक पुलिस व पीडब्ल्यूडी अधिकारी जाम को लेकर चर्चा करते हुए।

## एक नजर

### भरोसे व शक के बीच उलझती नजर आएगी पुष्पा

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सोनी सब का पुष्पा इम्पॉसिबल दर्शकों के लिए लगातार भावनात्मक और रोमांचक ड्रामा लेकर आ रहा है, जहाँ पुष्पा (करुणा पांडे) अपने नजदीकी चॉल परिवार में भरोसे और शक के बीच उलझती नजर आती है। जैसे-जैसे वह शनाया (मुस्कान बामणे) के साथ रिश्ता बनाने लगती है, कुछ अप्रत्याशित घटनाएँ उसकेमन में संदेह पैदा करने लगती हैं। हाल के एपिसोड्स में पुष्पा शनाया की बदली हुई सोच को महसूस करती है और उस पर भरोसा करने लगती है।वहीं दूसरी ओर, चिराग (नितिन बाबू) अस्पताल में हुई मुलाकात से परेशान है।

### मिट्टी के प्राकृतिक रंग से प्रेरित स्नीकर्स पेश किए

**नई दिल्ली।** एशियन फुटवियर्स ने अपने पहले लिमिटेड-एडिशन कॉन्सेप्ट स्नीकर्स 'मोजो क्ले' को लॉन्च किया है। यह खास तौर पर भारत की बढ़ती स्नीकर्स कम्युनिटी के लिए एक वन-टाइम ड्रॉप के रूप में पेश किया गया है। मिट्टी के प्राकृतिक रंग और टेक्सचर से प्रेरित 'मोजो क्ले' ब्रांड के स्नीकर्स कलेक्शन में एक नई और खघस लुक में बनाया गया है । लॉन्च के बारे में बात करते हुए, एशियन फुटवियर्स के सीईओ आयुष जिंदल ने कहा, हम कुछ अलग करना चाहते थे, जो एक सामान्य स्नीकर्स लॉन्च जैसा न हो, बल्कि उन लोगों से जुड़ सके जो स्नीकर्स को अपनी पहचान का हिस्सा मानते हैं।

### हृदय स्वास्थ्य पर चर्चा व जागरूकता शिविर आयोजित

**नई दिल्ली।** एनएचपीसी लिमिटेड, जो भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के तहत 100% हरित ऊर्जा वाली श्नवरत्नश सीपीएसई (केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम) है, ने 28 अप्रैल 2026 को फरीदाबाद स्थित अपने कॉर्पोरेट कार्यालय में हार्टनेट इंडिया, एक आईओटी-आधारित कार्डियक केयर समाधान प्रदाता, के सहयोग से एक स्वास्थ्य चर्चा और जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में एनएचपीसी के निदेशक (कार्मिक) उत्तम लाल, निद. ेशक (तकनीकी) श्री सुप्रकाश अधिकारी, निदेशक (वित्त) श्री महेश कुमार शर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। हार्टनेट इंडिया के सीईओ और निदेशक अरिंदम सेन के साथ-साथ व्हाइट लोटस इंटरनेशनल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर (नवी मुंबई) के मेडिकल डायरेक्टर और यूनिट हेड ख्र क्रिटिकल केयर एंड इमरजेंसी, तथा हार्टनेट इंडिया के क्लिनिकल सलाहकार और मार्गदर्शक डॉ. विजय डीशसिल्वा भी इस अवसर पर मौजूद थे।

### 'शहीदों को भारत रत्न' दिलाने को उठी आवाज

**नई दिल्ली।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं अधिवक्ता दिनेश कुमार गोयल जी ने राजधानी दिल्ली में "एक शाम शहीदों के नाम" शीर्षक कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार से शहीद-ए-आजम



भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु एवं अन्य क्रांतिकारियों को अधिकारिक शहीद का दर्जा एवं भारत रत्न देने की मांग की। सौभाग्य से जब ये मांग की गई तो अमर शहीद भगत सिंहके सगे भतीजे किरणजीत सिंह जी भी उक्त कार्यक्रम में भी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। दिनेश कुमार गोयल जी ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह जी से अपनी हालिया मुलाकात को जीवन का एक महत्वपूर्ण और भावनात्मक मोड़ बताते हुए कहा कि यह अनुभव उनके लिए अत्यंत प्रेरणादायक रहा। इसी प्रेरणा से आगे बढ़ते हुए दिनेश कुमार गोयल ने कहा कि भविष्य में जल्दी ही एक गैर सरकारी संगठन की स्थापना की जाएगी जिसका उद्देश्य देशभर में भगत सिंह जी के विचारों, आदर्शों और बलिदान की भावना को जन-जन तक पहुँचाना होगा और उन्हें वह सम्मान दिलाने की दिशा में कार्य करना है, जिसके वे सच्चे हकदार हैं।

# महापौर प्रवेश वाही ने भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नवनिर्वाचित महापौर प्रवेश वाही ने कार्यभार संभालते ही दिल्ली की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करते हुए आज भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण कर वहां चल रहे बायोमाइ. निंग एवं बायो रेमेडिएशन कार्यों का निरीक्षण किया। इसके उपरांत माननीय महापौर श्री प्रवेश वाही ने घोघा स्थित सी बी जी प्लांट का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दिल्ली नगर निगम के आयुक्त श्री संजीव खिरवार, अतिरिक्त आयुक्त श्री अरुण कुमार मिश्रा,प्रमुख अभियंता श्री पी. सी मीणा, नरेला क्षेत्र के उपायुक्त श्री राघवेंद्र मीणा सहित निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

महापौर श्री प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली को कूड़े के पहाड़ों से मुक्त करने के लिए हमारे प्रयास जारी हैं एवं बायोमाइनिंग कार्यों की समीक्षा के लिए निरंतर दौरे किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिसंबर 2026 के अंत तक भलस्वा लैंडफिल साइट पर बायोमिनिंग कार्य पूर्ण कर लेगेसी कचरे को निस्तारित कर दिया जाएगा। श्री प्रवेश वाही ने भलस्वा लैंडफिल साइट पर चल रहे लेगेसी कचरे के निस्तारण कार्य की प्रगति पर संतोष जताया लेकिन समय से लीगेसी कचरे के निस्तारण के लिए बायोमाइनिंग कार्य ने तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लीगेसी कचरे के निस्तारण के लिए अतिरिक्त मशीनरी को लगाया जाए।

प्रवेश वाही ने कहा कि लेगेसी कचरे के निस्तारण के पश्चात लैंडफिल साइट पर हरित पट्टी विक. सित करने के साथ साथ लेगेसी कचरे के निस्तारण के पश्चात प्राप्त भूमि का उपयोग दिल्ली सरकार के साथ चर्चा करके जन हितैषी कार्यों के लिए किया जाएगा।

# समग्र शिक्षा अभियान बच्चों की शिक्षा में बदलाव

शाह टाइम्स संवाददाता



**नई दिल्ली।** नगर निगम प्राथमिक विद्यालय, पुरानी सीमा. पुरी जहां अफसरा खातून समग्र शिक्षा अभियान निधि प्रभारी की देखभाल करने के साथ बच्चों को पढ़ाती भी हैं। इन्होंने बताया कि यह एक योजना है समग्र शिक्षा अभियान, जिसे एस एस ए कहते हैं। यह भारत सरकार की एक बहुत बड़ी स्कीम है जो सभी राज्यों में अच्छी शिक्षा देने का काम करती है, खासकर गरीब और बेसहारा बच्चों को। इस योजना का मकसद बहुत सरल हैख्रस्कूलों को अच्छा बनाना, शिक्षकों को प्रशिक्षण देना, और लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान देना। एस एस ए की मदद से हमने अपने स्कूल में नई कक्षाएँ बनाई हैं, किताबें और सामान खरीदे हैं, लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब लगाई है। लड़कियों की पढ़ाई के लिए छात्रवृत्ति दी जाती है, इसलिए अब बहुत सी लड़कियाँ स्कूल आ रही हैं और अपनी पढ़ाई पूरी कर रही हैं



महापौर प्रवेश वाही भलस्वा लैंडफिल साइट का निरीक्षण करते हुए।

# निर्धन कन्याओं की शादी के लिए आए आगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश व केंद्र सरकार द्वारा प्रमाणित संस्था उपासना जनकल्याण सेवा समिति द्वारा लगातार जनहित में कार्य किए जाते है, संस्था के अध्यक्ष डॉ इस्लाम अंसारी एमबीबीएस एमडी है ओर लगातार समाजसेवा के कार्यो में लगे रहते है।

संस्था द्वारा लखनऊ ओर बरेली में सर्दी के दिनों में गरीबो ओर बेसहारा लोगो को कंबल वितरित किए थे स अब संस्था द्वारा निर्धन ओर जरूरतमंद लड़कियों की शादी के लिए रजिस्ट्रेशन करवाया जा रहा है जिसमे अभी तक 261 रजिस्ट्रेशन किए गए है समिति की तरफ से राष्ट्रिय अध्यक्ष दो इस्लाम अंसारी





के माध्यम से पहली किस्त एसबीआई बैंक द्वारा पहुंचाई गयी, आने वाले समय में दिल्ली और यूपी के कई शहरों में जाकर लोगों की मदद की जाएगी स उपासना जन कल्याण सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कहना है कोई भी जरूरतमंद हमसे आकर मिल सकता है बिना भेदभाव के हम लोगों की मदद करते है।

डॉ. इस्लाम अंसारी दिल्ली के मुस्तफाबाद में 33 फूटा रोड पर नेशनल हेल्थ केयर के नाम से एक क्लीनिक भी चलाते हैं वहां भी लोगों का विशेष ध्यान रखते हैं।

# श्याम खाटू कीर्तन का भव्य आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** जगत पुरी शिव मंदिर सनातन धर्म मंदिर समिति द्वारा श्याम खाटू कीर्तन का भव्य आयोजन बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर भक्ति रस में डूबकर भगवान श्याम के भजनों का आनंद लिया। कीर्तन का शुभारंभ विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुआ, जिसके पश्चात भजन संध्या का आयोजन किया गया। भजन गायकों ने अपने मधुर स्वर से ऐसा वातावरण बनाया कि पूरा परिसर ष्श्याम नामष् के जयकारों से गूंज उठा। उपस्थित श्रद्धालु भजनों पर झूमते नजर आए और पूरे कार्यक्रम में



भक्ति की गंगा बहती रही।इस अवसर पर प्रधान सुनील अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, प्रेम और आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है।

समाज सेवी विनय कुमार शर्मा ने कहाकि ऐसे आयोजनों से समाज में संस्कार, सेवा और आपसी जुड़ाव और अधिक मजबूत होता है। मंदिर समिति के सदस्यों युतिंदर कौशिक (लीगल सेल ),बब्बू कशयप,मनमोहन कश्यप, राजीव, करणवीर मुद. गिल आदि ने साथ मिलकर व्यवस्थाओं को सुचारु रूप से संभाला। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया, जिसे सभी भक्तों ने श्रद्धापूर्वक ग्रहण किया।

## नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल दो पकड़े गए

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस के मैदान गढ़ी थाने के स्टाफ ने नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी में शामिल दो विदेशी नागरिकों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से कोकीन की व्यावसायिक मात्रा के साथ-साथ अन्य साइकोट्रा ेपिक पदार्थ भी बरामद की है।

दिल्ली के दक्षिण जिला पुलिस उपायुक्त अनंत मित्तल ने बताया कि 27 अप्रैल को एक विशेष गुप्त सूचना मिली थी कि दो विदेशी नागरिक नशीले पदार्थों की आपूर्ति करने के लिए मैदान गढ़ी इलाके में आएंगे।

## गुरुग्राम बना जीरो-एमिशन स्कूल क्लीन एयर जोन लागू करने वाला पहला शहर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राहगिरी फाउंडेशन और इंटरनेशनल काउंसिल ऑन क्लीन ट्रांसपोर्टेशन ने, गुरुग्राम प्रशासन के सहयोग से, गुरुग्राम में एक उच्च- स्तरीय मल्टी- स्टेक होल्डर गोलमेज वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान स्कूल क्लीन एयर जोंस स्थापित करने की आधिकारिक प्रतिबद्धता की घोषणा की गई। इस मौके पर एमसीजी के संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार ने कहा कि स्कूल के पिक-अप और ड्रॉप का समय एक खास चुनौती है। बच्चों को वाहनों से होने वाले उत्सर्जन से बचाना एक प्रशासनिक प्राथमिकता है जिसके लिए तत्काल, सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता है। एमसीजी की अतिरिक्त आयुक्त पूजा चांवरिया ने कहा कि यदि हम समुदाय के रूप में, स्कूलों और सरकार के साथ मिलकर, सार्वजनिक परिवहन, वृक्षारोपण और स्कूल जोन्स पर सहयोगात्मक रूप से काम करें, तो हम सार्थक परिणाम हासिल कर सकते हैं। आईसीसीटी के अमित भट्ट ने कहा कि लंदन की स्कूल स्ट्रीट्स जैसे वैश्विक उदाहरण साबित करते हैं कि स्कूल गेट पर लक्षित हस्तक्षेप हानिकारक एनओ2 के स्तर को काफी कम कर देते हैं।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं



फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्ष: भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

# दोपहिया वाहन चोर गिरफ्तार

■ चोरी की स्कूटी और अवैध हथियार बरामद



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह के दो आरोपियों को बुधवार रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से एक स्कूटी, एक बाइक और अवैध हथियार बरामद हुए। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट की सेवियर ग्रीन आर्क सोसाइटी निवासी गीतू सिंह ने 28 अप्रैल को थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी कि सेक्टर-94 स्थित कंपनी के बाहर से 23 अप्रैल को उनकी स्कूटी चोरी हो गई। पुलिस को कंपनी के बाहर लगे सीसीटीवी की फुटेज में दो संदिग्ध स्कूटी ले जाते दिखाई दिए। पुलिस टीम ने बुधवार रात सूचना के आधार पर दोनों संदिग्धों को दबोच लिया।

आरोपियों की पहचान जिला अलीगढ़ के खुर्द खेड़ा गांव निवासी कैलाश सिंह बघेल, कानपुर देहात के सिथरा बुजुर्ग निवासी कार्तिक वाजपेई के रूप में हुई। दोनों सेक्टर-5 स्थित हरौला गांव में किराये पर रहते हैं। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की गई स्कूटी और एक बाइक बरामद हुई। तलाशी के दौरान दोनों के पास एक तमंचा और दो कारत.स बरामद हुए। पूछताछ में आरो.पियों ने बताया कि वे चोरी करने से पहले ऐसे स्थानों की रेकी करते, जहां वाहन बिना लॉक के खड़े होते। इसके बाद अपनी स्कूटी से पहुंचकर एक चोरी किए जाने वाले वाहन पर एक आरोपी बैठता था तथा दूसरा अपनी स्कूटी से पैर के सहारे धक्का देकर वाहन को बिना स्टार्ट किए मौके से ले जाता था, जिससे किसी को संदेह नहीं होता था। चोरी किए गए वाहनों को तत्काल न बेचकर यमुना डूब क्षेत्र की झाड़ियों में छिपाकर रखा जाता था और बाद में अवसर मिलने पर बेच देते थे।

## हमला कर युवक के हाथ-पैर तोड़े

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में नट मढ़ैया पीपल तिराहा के पास अज्ञात हमलावरों ने युवक की बाइक रोक कर लोहे की रॉड से जमकर पिटाई की।

हमले में उसके हाथ-पैर में फ्रैक्चर हो गए। पीड़ित की तहरीर पर बुधवार को बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। बुलंदशहर निवासी दुष्यंत कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि निजी कंपनी में काम करने वाले उसके भाई विमल कुमार के साथ 27 अप्रैल की सुबह नट मढ़ैया पीपल तिराहा के पास 3-4 अज्ञात युवकों ने मारपीट की और गाली गलौज करते हुए भाग गए। वह फिलहाल अस्पताल में भर्ती है। वहीं, कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

# न्यू नोएडा के लिए आपसी समझौते से लेंगे जमीन

■ शासन ने दी मंजूरी 4300 प्रतिवर्गमीटर मुआवजा दर तय; चार फेज में होगा विकास

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** न्यू नोएडा में जमीन अधिग्रहण को लेकर प्राधिकरण ने तैयारी शुरू कर दी है। नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि जमीन अधिग्रहण के लिए जल्द एक कमेटी बनाई जाएगी। इसके अलावा जो किसान अपनी जमीन देना चाहते है वो नोएडा प्राधिकरण के भू लेख विभाग में संपर्क कर सकते है। जल्द ही गांव में कैंप लगाए जाएंगे। ये जानकारी प्राधिकरण के एसीईओ सतीश पाल ने दी।

उन्होंने बताया कि डीएनजीआईआर से संबंधित शासन से निर्देश मिल गए है। यहां किसानों से जमीन आपसी समझौते के आधार पर ही ली जाएगी। यमुना विकास प्राधिकरण की तर्ज पर ही किसानों से 4300 रुपये प्रति वर्ग मीटर के हिसाब से जमीन ली जाएगी। मुआवजा दर तय कर दी गई है।

प्राधिकरण का अस्थाई दफ्तर भी नए नोएडा क्षेत्र में खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। बतौर प्राधिकरण ने एक हजार करोड़ रुपये का बजट मंजूर किया है। ऐसे में न्यू नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में आने वाले किसान नोएडा प्राधिकरण के भू लेख विभाग में संपर्क कर सकते है।

**चार फेज में होगा विकास:** न्यू नोएडा 209.11 वर्गकिमी में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा।

2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है।

# ग्रेनो वेस्ट में श्रमिकों के लिए फ्लैट बनेंगे

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** श्रमिकों के लिए किफायती फ्लैट बनाए जाएंगे। प्राधिकरण ने इसके लिए ग्रेटर नोएडा वेस्ट में पतवाड़ी गांव के पास पांच एकड़ जमीन चिह्नित कर ली है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को श्रमिक दिवस के मौके पर कई परियोजनाओं का वर्चुअल शिलान्यास करेंगे।

**किफायती आवास की योजना:** प्राधिकरण ने इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी है। अधिकारी गुरुवार को व्यस्त रहे। लखनऊ में होने वाले कार्यक्रम का शिलान्यास स्थल और फैक्टरियों में लाइव प्रसारण किया जाएगा। प्राधिकरण के नियोजन विभाग के अधिकारी के मुताबिक श्रमिकों के लिए फ्लैट बनाने के लिए पतवाड़ी गांव के पास पांच एकड़ जमीन चिह्नित की गई है। फ्लैट का डिजाइन तैयार किया जा रहा है। ये फ्लैट वन बीएचके और टू बीएचके होंगे। 2500 से अधिक फ्लैट बनाए जा सकते हैं। दरअसल जिले में श्रमिकों के लिए आवास बड़ी समस्या है। शहरी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांवों में कमरे का किराया 4000-5000 रुपये पहुंच गया। इसको देखते हुए श्रमिकों के लिए आवास सुविधा मुहैया कराए जाने पर जोर दिया जा रहा है। जिले में बीते दिनों हुए हिंसक आंदोलन के बाद श्रमिकों के लिए किफायती आवास और चिकित्सा सुविधा मुहैया कराए की योजना पर काम तेज कर दिया गया है। इस संबंध में प्राधिकरण के परियोजना और नियोजन विभाग को दिशा- निर्देश दिए गए हैं।

**नॉलेज पार्क-5 में ईएसआई अस्पताल बनेगा:** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर नॉलेज पार्क-5 में 350 बिस्तरों का मल्टीस्पेशलिटी ईएसआई अस्पताल बनेगा। इसके लिए सात एकड़ से अधिक जमीन दी जा चुकी है। प्राधिकरण ने कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के नाम जमीन की लीजडीड कर दी है। ऐसे में उम्मीद है कि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा।

**कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल बनेंगे:** प्राधिकरण ने कामकाजी महिलाओं के लिए पहले चरण में तीन हॉस्टल बनाने की योजना तैयार की है। अधिकारी के मुताबिक औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-2 में दो और इकोटेक-1 में एक हॉस्टल बनाया जाएगा। तीनों हॉस्टल एक-एक एकड़ में होंगे। यहां पर कामकाजी महिलाओं को रहने की सुविधा मिलेगी।

**श्रमिकों के लिए हॉस्टल**

**चार श्रमिक हॉस्टल का निर्माण होगा:** ग्रेटर नोएडा की फैक्टरियों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए भी हॉस्टल बनाए जाएंगे। प्राधिकरण के परियोजना विभाग ने इसके लिए औद्योगिक सेक्टर इकोटेक-3, 6, 12 और इकोटेक-1 एक्सटेंशन में जगह चिह्नित की है। प्रत्येक हॉस्टल में 100- 100 श्रमिक रह सकेंगे। खाने-पीने की व्यवस्था भी की जाएगी।

**श्रमिक सुविधा केंद्र:** शहर में रोजगार की तलाश में आने वाले श्रमिकों को इधर-उधर भटकना न पड़े, इसके लिए सेक्टर इकोटेक-3 में प्राधिकरण की ओर से श्रमिक सुविधा केंद्र का निर्माण किया गया है। इसका उद्घाटन बीते माह ही किया गया था। यहां महिला और पुरुष दोनों के बैठने के लिए कमरे बनाए गए हैं।

# डीएम ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मेधा रूपम ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस के मुख्य द्वार पर लगे ताले और सील की जांच की, जो पूरी तरह सुरक्षित पाई गई। इसके अलावा परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली का भी निरीक्षण किया गया। सभी कैमरे सुचारु रूप से कार्य करते पाए गए।

उन्होंने वेयरहाउस परिसर में तैनात सुरक्षा व्यवस्था का भी बारीकी से जायजा लिया और सुरक्षा कर्मियों को लगातार सतर्कता बरतने तथा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक एवं सुव्यवस्थित पाई गईं। इस अवसर पर जिला निर्वाचन कार्यालय के संबंधित कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## रास्ता रोकने की आरोपी महिला को भेजा जेल

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य द्वार (गेट नंबर-1) को अवरुद्ध करने के मामले में सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे जेल भेजा गया है। प्राधिकरण ने उस पर सरकारी कार्य में व्यवधान डालने का आरोप लगाया था। प्राधिकरण के वर्क सर्किल-5 के सहायक प्रबंधक कुलदीप शर्मा ने तहरीर देकर सेक्टर-अल्फा-2 निवासी सविता शर्मा पर आरोप लगाया था। वहीं, कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है।

# छात्रा की आत्महत्या मामले में प्रताड़ना का आरोपी युवक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने एक छात्रा की आत्महत्या के मामले में प्रताड़ित करने के आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मृतका के पिता ने बिहार के सीतामढ़ी निवासी युवक चंदन पर प्रताड़ना, मारपीट और धमकी के आरोप लगाए थे।

सीतामढ़ी निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि छह महीने पहले परिवार के साथ दिल्ली आने के दौरान ट्रेन में उनकी मुलाकात चंदन से हुई। एक ही जिले के होने से परिचय बढ़ा और आरोपी युवक ने उन्हें ग्रेटर नोएडा स्थित अपने कमरे पर ठहरने के लिए कहा। इस दौरान आरोपी ने उनका और पुत्री का नंबर ले लिया। कुछ समय बाद आरोपी ने बेटी को पढ़ाई के लिए नोएडा बुलाने का सुझाव दिया और अच्छे कॉलेज में दाखिला दिलाने का भरोसा दिलाया था।

**आरोपी ने निजी कॉलेज में करवाया नामांकन:** पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने ही नॉलेज पार्क स्थित एक निजी कॉलेज में उनकी बेटी का डिप्लोमा कोर्स में नामांकन कराया और रहने की व्यवस्था की। करीब पांच महीनों से वह आरोपी की देखरेख में ही रह रही थी। जब उसे पता चला कि उनकी पुत्री गांव के एक युवक से बात करती है तो उसके साथ मारपीट और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। पीड़ित पिता का कहना है कि 21 अप्रैल की रात बेटी ने फोन कर बताया कि आरोपी ने युवक से बात नहीं करने की धमकी दी है।

इसके बावजूद 25 अप्रैल की शाम युवक से बात करने पर आरोपी ने उसका मोबाइल छीन लिया और धमकाया कि उसका निजी फोटो-वीडियो वायरल कर देगा। पिता का आरोप है कि प्रताड़ना से तंग आकर बेटी ने आत्महत्या की है। वहीं, कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि आरोपी को जेल भेजा गया है।

## एक नजर

### बारातियों से मारपीट, गाड़ियों में तोड़फोड़

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के जलपुरा गांव में एक शादी समारोह के दौरान दबंगों ने जमकर उत्पात मचाया। उन्होंने बारातियों के साथ मारपीट की, कई गाड़ियों में तोड़फोड़ की और पथराव किया। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को हिरासत में लिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। आरोप है कि गाड़ियों को विशेष समुदाय को निशाना बनाकर तोड़ा गया।

यह घटना सेंट्रल नोएडा के ईकोटेक 3 थाना क्षेत्र के जलपुरा गांव में हुई। कोंडली से आई बारात में सूरजपुर निवासी योगेंद्र अपने परिवार के साथ शामिल हुए थे। उन्होंने अपनी गाड़ी सड़क किनारे खड़ी की थी। जब वे वापस लौटे, तो जलपुरा गांव के दर्जनों दबंगों ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। बारातियों को लाठी-डंडों से पीटा गया, जिससे कई लोगों के सिर में गंभीर चोटें आईं। सड़क पर खड़ी अन्य गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की गई। योगेंद्र ने बताया कि उनके बेटे के सिर में गंभीर चोट लगी है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने काफी देर तक सड़क पर हंगामा किया और पत्थरबाजी की, जिससे कई आम लोग भी घायल हुए और सड़क जाम हो गई। योगेंद्र के अनुसार, आरोपियों ने केवल हिंदू समुदाय की गाड़ियों को निशाना बनाया, खासकर उन गाड़ियों को जिन पर देवी-देवताओं की तस्वीरें थीं। उन्होंने हमलावरों पर गले से ज्वेलरी लूटने का भी आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित दीपक ने ईकोटेक 3 थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में यासीन, युसूफ, वकील, आरिफ, नदीम, आलम, जुनैद, माजिद, सद्दाम, फिरोज, कालू, शोएब सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मारपीट, जानलेवा हमला और लूट का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने इस मामले में मुकदमा दर्ज करते हुए चार लोगों को हिरासत में ले लिया है और पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए उपकेंद्रों की क्षमता बढ़ाई

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** शहर में पांच बिजली उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि की गई है। इससे 15 से अधिक सेक्टर के 35 हजार से ज्यादा उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति मिलेगी। जिले में बड़े स्तर पर आरडीएसएस योजना के तहत बिजली उपकेंद्रों की क्षमता वृद्धि का बड़े स्तर पर कार्य किया जा रहा है, ताकि बिजली की मांग बढ़ने पर निर्बाध आपूर्ति दी जा सके। विद्युत निगम के अधिकारियों के मुताबिक सेक्टर-71 के बिजली उपकेंद्र पर आरएमयू चार्ज किया गया है। वहीं, सेक्टर-83 के बिजली उपकेंद्र पर नया सर्किट ब्रेकर स्थापित किया गया है। सेक्टर-63 के सी ब्लॉक बिजली उपकेंद्र पर 10 एमवीए का नया बिजली ट्रांसफार्मर लगाया गया है। गर्मियों में आवासीय सेक्टर के साथ औद्योगिक सेक्टर में भी बिजली की मांग बढ़ जाती है। इसके चलते औद्योगिक सेक्टर में भी उद्यमियों को निर्बाध आपूर्ति देने के लिए कार्य किए जा रहे हैं। इसके अलावा सेक्टर-72 के बिजली उपकेंद्र पर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर पर प्लिंथ कार्य शुरू किया गया है। अधिकारियों के अनुसार सेक्टर-108 से सेक्टर-129 तक 33 केवी की भूमिगत केबल लाइन डालने का कार्य किया जा रहा है, ताकि ओवरहेड लाइन में कोई दिक्कतें आने पर भूमिगत केबल लाइन से आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस तरह पांच बिजली उपकेंद्रों पर क्षमता वृद्धि की गई है। अधिकारियों के अनुसार इन गर्मियों में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति देने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए करोड़ रुपये के कार्य किए जा रहे हैं।

### ब्रेक बाइंडिंग से महानंदा एक्सप्रेस से उठा धुआं

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा में मारीपत रेलवे स्टेशन के समीप महानंदा एक्सप्रेस से ब्रेक बाइंडिंग से धुआं उठने लगा। इससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद ट्रेन को दादरी रेलवे स्टेशन पर रोका गया और आधे घंटे में धुएं पर काबू पाकर ट्रेन को रवाना किया गया। रेलवे स्टेशन अधीक्षक हेमंत मीणा ने बताया कि बृहस्पतिवार की सुबह महानंदा एक्सप्रेस दिल्ली से अलीपुर द्वार जा रही थी। ट्रेन जब मारीपत रेलवे स्टेशन के समीप पहुंची तो ब्रेक बाइंडिंग से इंजन से पीछे वाले कोच से धुआं निकलने लगा, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई और वे शोर मचाने लगे। दादरी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन के रुकते ही यात्री उतरने लगे। तत्काल कोच के पहिए के पास से निकल रहे धुएं को काबू किया गया। इसके बाद कोच के ब्रेक को ठीक कर यात्रियों को समझाकर ट्रेन में बैठाया गया।

## तीन लोगों ने जलती कार से कूदकर जान बचाई

**नोएडा।** सेक्टर-42 चौराहे के पास बुधवार देर रात चलती कार में अचानक आग लग गई। कार सवार तीनों लोगों ने कूदकर अपनी जान बचाई। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग को बुझाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि सेक्टर-42 चौराहे के निकट बुधवार रात करीब 9.30 बजे सीएनजी कार में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही एक गाड़ी को आग बुझाने के लिए रवाना किया गया। काफी प्रयासों के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि फिलहाल आग लगने का कारण नहीं पता चला है।

# मां की डांट से आहत युवती टावर पर चढ़ी



शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-63 में गुरुवार सुबह मां की डांट से क्षुब्ध होकर एक युवती मोबाइल टावर पर चढ़ गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग की टीम वहां पहुंची। रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू करके युवती को हाइड्रोलिक प्लेटफार्म के जरिये सुरक्षित नीचे उतारा गया। युवती की काउंसिलिंग शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुता.बिक मूलरूप से महराजगंज के चौक बाजार की रहने वाली युवती तीन साल से नोएडा की चोटपुर कॉलोनी में रहती है। वह एक फैक्टरी में काम करती थी। कुछ दिन पहले ही उसने नौकरी छोड़ दी। मां ने गुरुवार सुबह किसी बात को लेकर उसे डांट दिया था।

इसी बात से नाराज होकर वह सेक्टर-63 के जे ब्लॉक स्थित एक टावर पर चढ़ गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर यूनिट मौके पर पहुंची और हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की मदद से युवती को सकुशल नीचे उतारा।पूछताछ में युवती पारिवारिक समस्याओं के कारण मानसिक रूप से तनावग्रस्त प्रतीत हुई। उसके परिजनों को सूचित किया गया। फिलहाल युवती की काउंसलिंग कराई जा रही है। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप चौबे ने बताया कि शुरुआत में टीम ने मौके पर पहुंचकर पहले युवती से संवाद किया। उसे शांत करने की कोशिश की। इसके बाद हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म की मदद से उसे सुरक्षित नीचे उतारा गया। घटना के दौरान उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक (एसीपी) सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे, जिन्होंने पूरे ऑपरेशन की निगरानी की। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई के चलते एक बड़ा हादसा टल गया।

# 1.85 करोड़ की लेन-देन में जमीन हड़पने की साजिश

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** दिल्ली निवासी एक व्यापारी ने छह लोगों पर 1.85 करोड़ रुपये की लेनदेन में कीमती जमीन हड़पने की साजिश का आरोप लगाया है। कोर्ट के आदेश पर बुधवार को बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने छह लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की है।

जागृति एन्क्लेव दिल्ली निवासी ललित गोगिया ने कहा कि दनकौर थाना क्षेत्र के गांव मिर्जापुर में उनकी फर्म एमरो बिल्डकॉन के नाम से जमीन है। नवंबर, 2021 में उनकी पहचान दनकौर के कुछ लोगों से हुई थी, जिनके माध्यम से उन्होंने 1.85 करोड़ रुपये उधार लिए थे। जुलाई, 2022 में उन लोगों ने सुरक्षा के नाम पर कागजात तैयार कराने की बात कही। 28 जुलाई, 2022 को उन्हें धोखे में रखकर जमीन का एक अनुबंध रजिस्ट्री कार्यालय में करा लिया, जिसमें 3250 वर्गगज जमीन को बिक्री के लिए और 1.85 करोड़ रुपये को बयाना राशि दर्शाया गया।

**बैनामा कराने के लिए किया मुकदमा:** अनुबंध में यह भी उल्लेख था कि रकम लौटाने पर समझौता निरस्त कर दिया जाएगा। हालांकि, ललित गोगिया का कहना है कि जब उन्होंने सितंबर, 2022 में रकम लौटाने का प्रयास किया तो आरोपियों ने टालमटोल शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने अनुबंध का दुरुपयोग करते हुए अदालत में बैनामा कराने के लिए मुकदमा दाखिल कर दिया।

# श्रमिकों को बांटे जाएंगे 15 हजार छोटे एलपीजी गैस सिलिंडर

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** आपूर्ति विभाग गैस कंपनियों के साथ मिलकर आज श्रमिक दिवस पर छोटे सिलिंडर का विरतण करेगा। 5 किग्रा के कुल 15,000 गैस सिलिंडर का वितरण करने का लक्ष्य तय किया गया है। हालांकि ज्यादातर उद्योग बंद होने के कारण लक्ष्य पूरा नहीं हो सकता है। इस कारण विभाग ने बृहस्पतिवार से वितरण शुरू कर दिया। जो चार दिन तक चलेगा। अफसरों ने बताया कि उद्योगों की तरफ से मिली सूची के आधार पर ही सिलिंडर दिए जाएंगे।

दरअसल गैस नहीं मिलने के कारण काफी श्रमिक जिले के पलायन कर चुके है। ऐसे में प्रशासन उनको छोटे गैस सिलिंडर उपलब्ध करवा रहा है। इस माह गैस कंपनियों की मदद से प्रशासन 5 किग्रा के कुल 56,000 गैस सिलिंडर का वितरण कर चुका है। इनमें 41,000 सिलिंडर भारत गैस और 15,000 सिलिंडर इंडेन कंपनी की तरफ से वितरित किए गए हैं। वहीं अब प्रशासन ने श्रमिक दिवस पर 5 किग्रा के कुल 15,000 गैस सिलिंडर का वितरण करने का लक्ष्य तय किया है। प्रभारी जिला पूर्ति अधिकारी स्मृति गौतम ने बताया कि श्रमिक दिवस पर ज्यादातर कंपनियां बंद रहेंगी।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email : parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर हाई अलर्ट, धारा-163 लागू



शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के निर्देशन में 'अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस' के दृष्टिगत कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु व्यापक एवं सुदृढ़ सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। ड्रोन तथा सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सघन निगरानी की जा रही है।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में जोनल-सेक्टर स्कीम प्रभावी की गई है, जिसके अंतर्गत कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर को कुल 11 जोन एवं 49 सेक्टर में विभाजित किया गया है। इनमें नोएडा जोन को 04 जोन व 16 सेक्टर, सेंट्रल नोएडा जोन को 03 जोन व 24 सेक्टर तथा ग्रेटर नोएडा जोन को 04 जोन व 09 सेक्टरों में बांटा गया है।सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अन्य जनपदों से 06 एसपी रैंक के अधिकारी, 14 अपर पुलिस अधीक्षक रैंक के अधिकारी, 30 क्षेत्राधिकारी (क्लौ.च) रैंक के अधिकारी, 65 निरीक्षक, 400 उपनिरीक्षक, 150 महिला उपनिरीक्षक, 900 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 200 महिला मुख्य आरक्षी/आरक्षी तथा 10 कंपनी पीएसी को ड्यूटी पर लगाया गया है।

इसके अतिरिक्त कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर से 02 डीसीपी रैंक के अधिकारी, 03 एडिशनल डीसीपी रैंक के अधिकारी, 04 एसीपी रैंक के अधिकारी एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण भी ड्यूटी पर तैनात किए गए हैं। उल्लेखनीय है, कि पुलिस व्यवस्थापन में महिला पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों का भी बड़ी संख्या में लगाया गया है।पुलिस बल को महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाइयों, बहु राष्ट्रीय कंपनियों, लघु औद्योगिक क्षेत्रों, प्रमुख चौराहों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर व्यवस्थित रूप से तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त कई पुलिस मोबाइल पार्टी भी नियुक्त की गई हैं, जो निरंतर क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर शांति व्यवस्था पर सतर्क निगरानी बनाए रखेंगी।

**ड्रोन से निगरानी, पब्लिक एड्रेस सिस्टम से दिए जाएंगे दिशा निर्देश:** पब्लिक एड्रेस (पीए) सिस्टम के माध्यम से उच्चाधिकारीगण द्वारा आमजन को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के संबंध में निरंतर अवगत कराया जा रहा है। महत्वपूर्ण औद्योगिक इकाइयों, प्रमुख चौराहों एवं लगभग 50 से अधिक महत्वपूर्ण स्थानों पर ड्रोन के माध्यम से सघन निगरानी की जा रही है तथा इसके अतिरिक्त मुख्य स्थानों पर सीसीटीवी कैमरों की भी व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

**कंट्रोल रूम पर अधिकारी की तैनाती:** कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में स्थापित कंट्रोल रूम में एक राजपत्रित अधिकारी की नियुक्ति की गई है, जिनके द्वारा सीसीटीवी एवं अन्य सर्विलांस माध्यमों से सतत निगरानी रखते हुए किसी भी प्रकार की समस्या की स्थिति में अविलम्ब सम्यक निराकरण सुनिश्चित कराएगें।

**आठ मई तक धारा 163 लागू:** कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर में श्रमिकों के धरना-प्रदर्शन के दृष्टिगत शांति व्यवस्था स्थापित किए जाने के उद्देश्य से आठ मई तक भारतीय नागरिक सुरक्षा सं.हता-2023 की धारा 163 लागू की गई है।

# सेंट जेम्स स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम, शत प्रतिशत रहा रिजल्ट

■ विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह एवं मुख्य अध्यापिका अर्पणा सिंह ने विद्यार्थियों को दी बधाई










**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित सेंट जेम्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल का आईसीएसई (10वीं) व आईएससी (12वीं) बोर्ड परीक्षा 2025-26 का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। परिणाम घोषित होते ही विद्यालय में खुशी का माहौल रहा।

कक्षा 10वीं (आईसीएसई) में वैष्णवी गहलोत ने 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उर्वी अटोरिया ने 94.2 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा और अखिल चौहान ने 90.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कक्षा 12वीं (आईएससी) विज्ञान वर्ग में चिराग लट्टा ने 79.2 प्रतिशत, निर्शिता सिंह ने 76.8 प्रतिशत और अंश कुमार ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं वाणिज्य वर्ग में सरगुन कौर ने 86.3 प्रतिशत अंक के साथ शीर्ष स्थान प्राप्त किया। तनिष्क कुमार ने 72.3 प्रतिशत और तनप्रीत कौर ने 60.8 प्रतिशत अंक हासिल किए।

विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह एवं मुख्य अध्यापिका अर्पणा सिंह ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया।

# सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम के छात्रों ने एक बार फिर रचा इतिहास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल के आई.सी.एस.ई. (कक्षा 10) व आईएससी (कक्षा 12) 2025-26 परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष आई.सी.एस.ई में कुल 169 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए वहीं आईएससी साइंस स्ट्रीम में 81 व कॉमर्स स्ट्रीम में 37 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। जिनमें से बड़ी संख्या ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए।

आई.सी.एस.ई. के विद्यार्थियों में कनव मित्तल ने 96 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नैतिक सक्सेना (94 प्रतिशत) द्वितीय तथा तेजस तोमर (93.8 प्रतिशत) तृतीय स्थान पर रहे। आईएससी से कॉमर्स स्ट्रीम में ध्रुव रस्तोगी ने 93.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। अजका अंसारी 93 प्रतिशत के साथ द्वितीय, जबकि दिव्या अग्रवाल 91.25 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहीं।

वहीं साइंस स्ट्रीम में नमन लोहिया ने 97.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। अपूर्व सिंह 96 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। विश्वास गोयल और भाव्या खन्ना ने 94.75 प्रतिशत अंक हासिल कर संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ए. डीन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को भी इस सफलता का प्रमुख आधार बताया।

### कक्षा-10 के टॉपर्स




### कक्षा-12 विज्ञान वर्ग के टॉपर्स




### कक्षा-12 कॉमर्स वर्ग के टॉपर्स






रिजल्ट आने के बाद सेंट थॉमस स्कूल में छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलातीं प्रधानचार्या।

# आल सेंट स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

### कक्षा-10 के टॉपर्स



Dhruv Mudgal 94.5%



Hamza 93%

### कक्षा-12 विज्ञान वर्ग के टॉपर्स



Hifza 91%



Mohd. Ismail 88.75%

### कक्षा-12 कॉमर्स वर्ग के टॉपर्स



Saman 94.25%



Sayma 89%

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बच्चा पार्क मिशन कंपाउंड स्थित आल सेंट स्कूल का आईएससी व आईसीएसई परीक्षा परिणाम इस वर्ष उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया। आईसीएसई कक्षा 12 (कॉमर्स) में समन ने 94.25 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सयमा ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वहीं, कक्षा 12 (साइंस) में हिफ्जा ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बेहतरीन प्रदर्शन किया और मोहम्मद इस्माइल ने 88.75 प्रतिशत अंक हासिल किए। इसी क्रम में आईसीएसई कक्षा 10 के परिणाम भी सराहनीय रहे। ध्रुव मुद्गल ने 94.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर टॉप किया, जबकि हमजा ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय प्रबंधन ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया।

## लावड़ मंडल में महिला जन आक्रोश संगोष्ठी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** बृहस्पतिवार को भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लावड़ मंडल में महिलाओं के साथ मिलकर एक सशक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां महिलाओं ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर ओर हाथों में बैनर लेकर सड़क पर उतरी और अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की। इस दौरान भाजपा नेता मोहन सैनी ने कहा कि नारी सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भाजपा सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट संकल्प है कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिले और उन्हें उनका हक मिले लेकिन दुख की बात है कि विपक्ष इस महत्वपूर्ण कदम का विरोध कर रहा है।उन्होंने कहा कि आज का संदेश साफ है 'नारी शक्ति का सम्मान, देश का अभिमान।' इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष धीर सिंह सैनी, मोहन सैनी, बाबूराम सैनी, लक्ष्मी सैनी, खुशी, अंजू, शिवानी, बबली, पूनम, पार्वती, बुलबुल, बबीता, रजनी व अंकित शर्मा मौजूद रहे।

## गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में श्रमिकों का भव्य सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में आयोजित विशेष प्रार्थना सभा में श्रमिक दिवस के अवसर पर छात्रों ने स्कूल के सभी कर्मचारियों के लिए सुंदर कविताएँ सुनाईं और 'साथी हाथ बढ़ाना' गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने श्रमिकों के जीवन और उनके योगदान की महत्ता को रेखांकित किया, जिससे सभी का मन मोहित हो गया। इसके साथ ही, श्रमिक भाइयों को उपहार और ग्रीटिंग कार्ड भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. गोपाल दीक्षित ने श्रमिक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, कोई व्यक्ति छोटा-बड़ा नहीं होता। शिक्षा प्राप्त कर कोई भी व्यक्ति जीवन में उच्चतम स्थान प्राप्त कर सकता है। लेकिन श्रमिकों का भी हमारे जीवन में अहम योगदान है, जो हमें आगे बढ़ाने में सहायक होते हैं। अंत में, उन्होंने सभी शिक्षकों और छात्रों का आभार व्यक्त किया।

# शोभित विवि ने उद्योग-शैक्षणिक सहयोग को दी नई दिशा

■ एनआईआईटी फाउंडेशन के साथ हुआ एमओयू पर किए हस्ताक्षर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ ने उद्योग-शैक्षणिक सहयोग को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए एनआईआईटी फाउंडेशन के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वी.के. त्यागी, प्रति-कुलपति प्रो. जयानंद, रजिस्ट्रार प्रो. गणेश भारद्वाज, डीन एकेडमिक्स प्रो. अशोक कुमार, निदेशक NICE-SBS प्रो. विकास गुप्ता सहित अनेक वरिष्ठ शिक्षाविद एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। साथ ही, निदेशक आउटरीच डॉ. नेहा वशिष्ठा तथा NICE स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. प्रीति गर्ग की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। यह साझेदारी विश्वविद्यालय और उद्योग जगत के बीच समन्वय को सशक्त बनाने की दिशा में एक सार्थक पहल है। इस एमओयू के माध्यम से विद्यार्थियों को कौशल विकास, व्यावहारिक प्रशिक्षण तथा करियर उन्नयन के विविध अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे, जिससे उनकी रोजगार क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। समारोह के दौरान एनआईआईटी फाउंडेशन के प्रतिनिधिमंडल में रीजनल मैनेजर निलेश खन्ना, सीनियर एग्जीक्यूटिव (पार्टनरशिप्स) नैन्सी डेविड, सीनियर ट्रेनर मयंक जगोता तथा स्टूडेंट एंगेजमेंट ऑफिसर अनमोल शामिल रहे। विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी एवं गतिशील परिदृश्य में इस प्रकार की उद्योग-शैक्षणिक साझेदारियां अत्यंत आवश्यक हैं। यह एमओयू संयुक्त रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं, इंटर्नशिप तथा प्लेसमेंट सहायता जैसी गति. विधियों का मार्ग प्रशस्त करेगा, जिससे शिक्षण प्रक्रिया को और अधिक व्यावहारिक एवं प्रभावी बनाया जा सकेगा। यह पहल विद्यार्थियों के समग्र विकास और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगी।

## विश्व बौद्धिक संपदा दिवस पर विधि विद्यालय में रचनात्मक प्रतियोगिताओं का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्व. विद्यालय के विधि विभाग में विश्व बौद्धि0क संपदा दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर निर्माण एवं प्रस्तुति प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 80 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में निद. ेशक प्रो. डॉ. अनिल शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकारों की समझ आज के विधि विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में गहन अध्ययन एवं शोध के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के समन्वयक डॉ. मो. आमिर ने कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. निहारिका पिलानिया एवं सुश्री इकरा रशीद द्वारा सफलतापूर्वक किया गया। पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में बानी ने प्रथम तथा काशिश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं प्रस्तुति प्रतियोगिता में बिराज भारती प्रथम, अमरचंद द्वितीय तथा तान्या साहू तृतीय स्थान पर रहीं।

## तक्षशिला पब्लिक स्कूल में श्रमिक दिवस पर कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया गया। विद्यालय प्रबंधन ने स्कूल के सभी सहायक कर्मचारियों, गार्ड, आया, माली, ड्राइवर, सफाई कर्मचारी और कार्यालय स्टाफ के योगदान को सराहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्या डा. प्रवीन कुमार पथरा द्वारा सभी कर्मचारियों का तिलक कर स्वागत करने से हुई। छात्रों ने भाषण, कविता और नृत्य के माध्यम से श्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। कक्षा 9 के छात्रों ने 'श्रम बिना जीवन अधूरा' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सभी का दिल जीत लिया। विद्यालय की ओर से सभी कर्मचारियों को उपहार और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। प्रधानाचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि स्कूल की नींव हमारे कर्मचारियों की मेहनत पर टिकी है। इनके बिना संस्था की कल्पना अधूरी है। कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए विशेष जलपान की व्यवस्था की गई। छात्रों ने अपने हाथों से बनाए गए 'थैंक्यू कार्ड' देकर कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# ऋषभ एकेडमी में श्रमिक दिवस का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित ऋषभ एकेडमी में श्रमिक दिवस बड़े उत्साह एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दिनेश चंद जैन, सचिव डॉ. संजय कुमार जैन, कोषाध्यक्ष योगेंद्र प्रकाश जैन तथा प्रधानाचार्य शरद त्यागी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिनमें कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, म्यूजिकल चेयर, धीमी गति दौड़ आदि प्रमुख रहे। इन गतिविधियों में बीना, लक्ष्मी, सोनिया, मुंदर एवं कर्ण का प्रदर्शन विशेष रूप से सराहनीय रहा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शरद त्यागी ने सभी कर्मचारियों के अमूल्य योगदान की प्रशंसा करते हुए उन्हें 'कर्म ही पूजा है' के मार्ग पर निरंतर अग्रसर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रीति शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उपप्रधानाचार्य पवन कपूर एवं प्रशांत सक्सेना का विशेष योगदान रहा। अंत में विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा सभी कर्मचारियों को उपहार वितरित कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया।

# सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव रहमापुर के पास सड़क हादसे में सब्जी बेचकर वापस लौट रहे ई-रिक्शा पर सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसा रहमापुर गांव के पास उस समय हुआ ई-रिक्शा और जनरेटर से लदी ई-रिक्शा की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को डॉक्टर के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया तथा शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। हादसा बुधवार की देर रात्रि का है। गुरुवार की दोपहर शव गांव पहुंचा। जहां पर उन्होंने पास के ही श्मशान घाट में अंतिम संस्कार कर दिया है।

बताते चले कि क्षेत्र के गांव बटावली निवासी विपिन पुत्र मांगेराम उम्र 25 वर्ष थाना हस्तिनापुर क्षेत्र के गांव गणेशपुर में बुधवार की पैठ करने के बाद वापस अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही गणेशपुर से कुछ दूरी पर पहुंचा तो सड़क पर खड़ी जनरेटर से लदी ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर लग गई। टक्कर कितनी भयंकर थी कि ई रिक्शा के परखच्चे उड़ गये। जिसमें विपिन पुत्र मांगेराम की मौके पर ही मौत हो गई, तथा ई रिक्शा में बैठे उसके साथी अमित तथा नफीस मामूली रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया है। थाना प्रभारी रविंद्र सिंह पंवार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेरठ भेज दिया है, अभी तक पीड़ित की ओर से कोई तहरीर थाने पर नहीं आई है तहरीर आने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। सड़क हादसे में विपिन की मौत पर परिजनों में रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक विपिन के दो बच्चे हैं बड़ा 2 वर्ष का तथा छोटा डेढ़ माह का है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम का विरोध करने वाले विपक्ष का पुतला फूंका

## नगर की पंचायती धर्मशाला में जन आक्रोश महिला सम्मेलन आयोजित

■ भाजपा जिलाध्यक्ष हरवीर पाल पहुंचे कार्यक्रम में






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** नगर की पंचायती धर्मशाला में गुरुवार को जन आक्रोश महिला सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल के विपक्ष द्वारा विरोध किए जाने पर अपना आक्रोश प्रकट किया और सुभाष चौक के पास विपक्ष का पुतला फूंका।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष हरवीरपाल ने कहा कि जब देश में नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाया गया तब पूरे देश की महिलाओं ने इसे अपने सम्मान और अधिकार की जीत के रूप में देखा। यह अधिनियम महिलाओं को राजनीति में बराबरी का हक देने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है, लेकिन बड़े दुख की बात है कि विपक्षी दलों ने इस ऐतिहासिक फैसले का भी विरोध किया। मवाना के मंडल अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि विपक्ष ने तरह-तरह के बहाने बनाकर इस कानून को रोकने की कोशिश की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला उपाध्यक्ष नरेश बाला, जिला मंत्री महिला मोर्चा सलमा खां, महिला मोर्चा अध्यक्ष पूनम रस्तौगी, नामित सभासद दर्शन चौहान, अलक. नंदा अग्रवाल नगर उपाध्यक्ष कमलेश दीक्षित, रुचि कौशिक आदि ने कहा कि आज की महिला कमजोर नहीं है। वह हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है चाहे शिक्षा हो, सेना हो, विज्ञान हो या राजनीति, ऐसे में जो भी ताकतें उसके रास्ते में बाधा बनेंगी उन्हें वह जवाब देंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूनम रस्तोगी एवं संचालन नगर उपाध्यक्ष मनीष शर्मा ने किया। संगोष्ठी में प्रदेश मंत्री युवा मोर्चा अमल खटीक, प्रवीण जैन, सोनू त्यागी, भूपेन्द्र त्यागी, डॉ. मनोज कुमार, अजय रस्तोगी, अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र जाटव, राजकुमारी, रेखा, देवी, कमला, सीमा, भावना, मोनिका, नेहा पुष्पा आदि महिलाएं उपस्थित रहीं।

# संपत्ति के लालच में बेटे ने ली पिता की जान, चाचा संग रची साजिश, दोनों गिरफ्तार




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुंडाली।** रिश्तों को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज वारदात में संपत्ति विवाद के चलते बेटे ने अपने ही पिता की हत्या कर दी। इस जघन्य अपराध में उसका चाचा भी शामिल था। मुंडाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी पुत्र और उसके चाचा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल भी बरामद कर लिया है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव बढ़ला कैथवाड़ा निवासी राजेंद्र की गत सोमवार को संपत्ति को लेकर अपने बड़े बेटे अरुण से कहासुनी हो गई थी। विवाद इतना बढ़ गया कि अरुण ने अपने चाचा राजकुमार के साथ मिलकर राजेंद्र पर फावड़े और डंडे से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल राजेंद्र को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां मंगलवार को उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए थे। इस संबंध में मृतक के छोटे बेटे गुलशन ने अपने बड़े भाई अरुण और चाचा राजकुमार पुत्र रामशरण के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंडाली पुलिस ने आरोपियों की तलाश में अभियान चलाया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा और डंडा भी बरामद कर लिया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। लोग हैरान हैं कि संपत्ति के लालच में एक बेटा अपने ही पिता का हत्यारा बन बैठा।

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को कुचला, एक की मौत

## हापुड़-किठौर मार्ग पर बुधवार रात्रि हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** हापुड़-किठौर मार्ग पर आईएम इंटर कालेज के पास बुधवार देर रात्रि अज्ञात वाहन चालक बाइक सवार राज मिस्त्रियों को कुचलकर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को अस्पताल ले गई। जहां एक मिस्त्री ने दम तोड़ दिया, दूसरे की हालत नाजुक है। दोनों मिस्त्रियों की शिनाख्त के बाद से परिवारों में कोहराम मचा है।

किठौर का मोहल्ला कुरैशियान निवासी शहजाद (36) पुत्र जहीर राजमिस्त्री था। सरधना का कुलंजन निवासी फुरकान पुत्र सगीर भी उसके साथ काम करता था। बताया कि बुधवार शाम करीब 8:30 बजे दोनों साथी स्प्लेंडर बाइक यूपी 15 डब्ल्यू 1153 पर हापुड़ के सरावनी से घर लौट रहे थे। आईएम इंटर कालेज के पास अमरूद के बाग पर पहुंचते ही सामने से आए अज्ञात वाहन चालक उन्हें कुचलकर भाग गया। भीषण हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। पुलिस और परिजन तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों मेडिकल क्षतिग्रस्त बाइक को थाने भिजवाया। मेडिकल पहुंचते ही डाक्टरों ने शहजाद को मृत घोषित कर दिया जबकि फुरकान की हालत नाजुक बताई जा रही है। शहजाद की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

शहजाद विवाहित है उसके चार बच्चे हैं। सगीर किठौर में ससुराल में रहता है। पुलिस को क्षतिग्रस्त बाइक से मिस इंडिया मार्का के दो पैक मिले हैं। इंस्पेक्टर सुबोध सक्सेना का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# कृषि विश्वविद्यालय में इंटरनल क्वॉलिटी एश्योरेस कमेटी की आठवीं बैठक संपन्न




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में इंटरनल क्वालिटी एश्योरेस कमेटी की 8वीं बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ त्रिवेणी दत्त ने की। बैठक में संबोधित करते हुए डॉ. त्रिवेणी दत्त ने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं, जिससे शिक्षण, शोध एवं प्रसार की गतिविधियों को उच्च कोटि का बनाया जा सकें और किसानों उपयोगी तकनीकों को किसानों तक पहुंचाया जा सकें। उन्होंने वैज्ञानिकों से कहा कि स्टार्टअप और इन्क्वेशन को बढ़ावा देने के लिए वैल्यू एडिट कोर्स अधिक से अधिक चलाई जानी चाहिए, जिससे छात्र स्वरोजगार और स्टार्टअप की तरफ आगे आए। उन्होंने शोध की गुणवत्ता को और अधिक उच्च कोटि का बनाने के लिए प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। कुलपति डॉ. त्रिवेणी दत्त ने प्रत्येक वर्ष तीन शिक्षकों एवं तीन महिला शिक्षकों को बेस्ट टीचर अवार्ड देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि आगामी दीक्षांत समारोह में इन पुरस्कारों को दिया जाएगा। उन्होंने शिक्षकों एवं कर्मचारियों की कैपेसिटी बिल्डिंग कोई नहंस करने पर बल दिया। उन्होंने ग्रीन कैंपस को और अधिक मजबूती देने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए कि जल्द से जल्द उनका अनुपालन कर ग्रीन कैंपस हेतु एक्टिविटीज को तेजी से बढ़ाया जाए। कुलपति ने विवि में स्टूडेंट क्लब का गठन कराया, जिससे हेल्थ फोटोग्राफी म्यूजिक आदित्य से संबंधित स्टूडेंट क्लब गठन करने के निर्देश दिए। उन्होंने विश्वविद्यालय में एक सेमेस्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से संबंधित कोर्स प्रारंभ किए जाने पर बल दिया। आगामी सत्र से इनको प्रारंभ किया जाएगा। कुल. पति ने पढ़ने में कमजोर छात्रों के लिए अलग से क्लासेज लगाने के लिए भी अधिष्ठाताओं को निर्देश दिए।

इस अवसर पर स्वागत निदेशक डॉ. लोकेश गंगवार आईक्यूएसी सेल द्वारा किया गया, उन्होंने विभिन्न एजेंडों को कुलपति तथा कमेटी के सामने प्रस्तुत किया। सभी ने अपने सुझाव दिए। इन सुझावों के अनुसार आगामी सत्र में इनके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान वित्त नियंत्रक पंकज चतुर्वेदी देवब्रत त्यागी, डॉ. मृदुल गुप्ता, उद्योगपति सुनील चौधरी, उद्योगपति एमडी फरोचिप्स विनीत कुमार, एमडी ग्रीनलैंड एग्रो केमिकल प्राइवेट लिमिटेड निदेशक शोध डॉ. कमल खिलाड़ी, निदेशक प्रसार डॉ. सतेंद्र खारी, निदेशक ट्रेनिंग प्लेसमेंट, डॉ आरएस सेंगर, अधिष्ठाता, डॉ. विवेक डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. जयवीर यादव, डॉ. विजय कुमार, डॉ. टीके सरकार कुलसचिव डॉ वीरपाल सिंह डॉक्टर यूपी शाही डॉक्टर डीके सिंह, डॉ. पंकज कुमार के अलावा अन्य शिक्षक एवं अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृतिका सिंह द्वारा किया गया।

# विवादित बयान पर उबाल, नायब शहर काजी ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश जमियत उलमा की कार्यकारिणी और मुस्लिम समाज के गणमान्य व्यक्तियों ने भाजपा महिला मोर्चा की नेता डॉ. उदीता त्यागी के हालिया विवादास्पद बयान पर कड़ा रोष व्यक्त किया है। इस संबंध में नायब शहर काजी जैनुर राशिदीन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिक. ारी मेरठ को ज्ञापन सौंपकर सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

**क्या है पूरा मामला?**

ज्ञापन के अनुसार, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो और समाचार पत्रों की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया गया कि शहर के पी.बी.एस. मॉल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान डॉ. उदीता त्यागी ने मुस्लिम समुदाय के खिलाफ अत्यंत अभद्र और नफरत पैदा करने वाली टिप्पणी की। आरोप है कि उन्होंने मुसलमानों की तुलना 'जिहादी सूअरों' से करते हुए जनसंख्या वृद्धि को लेकर आपत्तिजनक शब्द कहे और हिंदुओं से अपनी आबादी बढ़ाने की अपील की। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से हाजी शीराज रहमान और कारी सलमान कासमी शामिल रहे। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इस तरह के बयानों से शहर की शांति व्यवस्था भंग हो सकती है।

# तृतीय यूपी पुलिस भारोत्तोलन क्लस्टर प्रतियोगिता-2026 का भव्य समापन

## प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता टीमों को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पुलिस लाइन में तृतीय उत्तर प्रदेश पुलिस भारोत्तोलन क्लस्टर (भारोत्तोलन, योग एवं पावर लिफ्टिंग) (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता वर्ष-2026 का चौथे दिन भव्य एवं गरिमामयी समापन पुलिस उपमहानिरीक्षक मेरठ परिक्षेत्र मेरठ कलानिधि नैथानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों द्वारा प्रतिभागी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन एवं खेल भावना की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मेरठ अविनाश पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अभिजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर विनायक गोपाल भोंसले, पुलिस अधीक्षक अपराध/लाईन्स अवनीश कुमार, क्षेत्राधिकारी लाईन्स शुचिता सिंह, क्षेत्राधिकारी अभिषेक पटेल, प्रतिसार निरीक्षक हरपाल सिंह सहित अन्य अधिकारीगण, प्रशिक्षक, कोच एवं विभिन्न जनपदों/जोन की टीमों के खिलाड़ी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन अत्यंत सुव्यवस्थित ढंग से किया गया, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जोनों की टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को सम्मानित किया गया। भारोत्तोलन पुरुष वर्ग में विजेता पीएसी पूर्वी जोन, उपविजेता आगरा जोन, भारोत्तोलन महिला वर्ग में विजेता आगरा जोन, उपविजेता मेरठ जोन, पावर लिफ्टिंग पुरुष वर्ग में विजेता बरेली जोन, उपविजेता पीएसी पश्चिमी जोन, पावर लिफ्टिंग महिला वर्ग में विजेता बरेली जोन, उपविजेता लखनऊ जोन, योग पुरुष वर्ग में विजेता पीएसी पश्चिमी जोन, उपविजेता पीएसी मध्य जोन, योग महिला वर्ग में विजेता गोरखपुर जोन, उपविजेता मेरठ जोन रही। समापन समारोह में अधिकारियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा खेलों के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक सुदृढ़ता बनाए रखने का संदेश दिया गया।

# युवक की आत्महत्या के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी न किए जाने पर हंगामा

## मृतक के भाई ने पेट्रोल डालकर आग लगाने का किया प्रयास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के ग्राम तजपुरा के ग्रामीणों ने गुरुवार को थाना परिसर में जमकर हंगामा किया तथा आत्महत्या के मामले में आरो. पियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज मृतक के भाई सहित परिजनों ने पेट्रोल छिड़ककर आग लगाने का प्रयास भी किया। हालांकि किसी तरह मृतक के परिजनो से पेट्रोल की कैन छीनकर मौजूद लोगों ने उसकी जान बचा ली।

बताते चले कि तजपुरा निवासी अभिषेक (21) पुत्र कवरपाल गुर्जर ने दो दिन पूर्व गांव के ही एक व्यक्ति को करीब 10 हजार रुपये उधार दिये थे। पैसे वापस मांगने पर आरोपी से अभिषेक का विवाद हो गया तथा उसने आरोपी द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी से परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। अभिषेक ने गांव से करीब एक किलोमीटर दूर खेत में आम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर की थी। इसके बाद मृतक अभिषेक के परि. जनों ने गांव के ही दो लोगों को नामजद करते हुए उनके विरुद्ध थाना पर आत्महत्या के लिए उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी लेकिन पुलिस की कार्यशैली को देखते हुए परिजन काफी आहत है और उन्होंने गुरुवार की दोपहर थाना पर जाकर हंगामा करना शुरू कर दिया।। मृतक के भाई अनिकेत ने बताया कि उन्होंने अभिषेक द्वारा आत्महत्या करने के बाद गांव के ही प्रियांशु और प्रिंस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। लेकिन पुलिस लगातार आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। इसी बात से नाराज होकर वह ग्रामीणों के साथ आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर वह ग्रामीणों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर थाने पहुंच गये और हंगामा करते हुए पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। हंगामे के दौरान माहौल उस समय और तनावपूर्ण हो गया जब अनिकेत ने खुद सड़क पर आकर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया लेकिन मौके पर मौजूद लोगों और पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए उसे बचा लिया, जिससे एक बड़ा हादसा होते होते टल गया। बाद में किसी तरह पुलिस ने मृतक के परिजनों और ग्रामीणों को समझा बूझाकर वापस भेज दिया। वहीं थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जो भी इस मामले में दोषी पाया जाएगा उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि नामजद आरोपीयों प्रिंस राणा मुकदमे में प्रकाश में आये दिनेश सुमन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। फरार नामजद आरो. पित प्रियांशु तो गिरफ्तार करने के लिए दबिश दी जा रही है जल्द ही गिरफ्तार पर जेल भेजा जाएगा।

### मृतक बेटे के फोटो को लेकर बिलखती रही मां

बताते चलें कि आत्महत्या करने वाले मृतक अभिषेक की मां राजेश देवी पिता कंवरपाल तथा बहन नीशु, निधि मृतक अभिषेक का फोटो लेकर निहारती रही और उसको याद करती हुई रोती रही। राजेश देवी थाना प्रभारी के गले मिलकर कहने लगी कि तू भी किसी का बेटा है न्याय करना पहली प्राथमिकता करें। थाना प्रभारी ने आश्वासन देते हुए हर संभव न्याय दिलाने का वादा किया।

# प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की जागरूकता एवं प्रचार प्रसार के लिए मेरठ कॉलेज में गोष्ठी का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गुरुवार को आयुष्मान भारत दिवस के अवसर पर मेरठ कॉलेज के चिकित्सा समिति तथा विधि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की जागरूकता एवं प्रचार प्रसार हेतु एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए चिकित्सा समिति के संयोजक प्रो.दयानंद द्विवेदी ने बताया कि PMJAY संविधान में प्राप्त जीवन जीने का अधिकार/स्वास्थ्य का अधिकार को सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है। इस योजना के द्वारा निम्न आय वर्ग के लोगों को 5 लाख तक की निशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराया जाता है। मुख्य वक्ता के रूप में विधि विभाग के प्रो.एम पी वर्मा ने इस योजना कि उपयोगिता एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी सार्वजनिक बीमा योजना है जो अब तक 10 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर चुकी है। इसकी विशेषताओं में पूर्व और मौजूदा बीमारियां शामिल है,परिवार के आकार या आयु पर कोई सीमा नहीं है और यह देशभर की सूचीबद्ध निजी अथवा सरकारी अस्पतालों में मान्य है।

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबंधक,**
**उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, मेरठ।**

पत्रांक: 1430/मेरठ/क्षे.प्र./जी-सफाई-बस स्टेशन/विज्ञप्ति/ 26/दिनांक: 29.04.2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरठ डिपो कार्यशाला की सफाई का ठेका आवंटन के लिए दिनांक 12.05.2026 तक किसी भी कार्यालय दिवस व कार्य समय में निविदा फीस रु.-236 जी.एस.टी. सहित क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय मेरठ में जमा कराकर निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं। दिनांक 13.05.2026 को समय 14:00 बजे तक क्षेत्रीय प्रबन्ध मेरठ के कार्यालय में रखे बोक्स में निविदा डाली जायेंगी। निविदा की पूर्ण शर्तें निविदा सूचना में अंकित हैं। उ.प्र. राज्य सड़क परिवहन निगम की वेबसाईट tender@upsrtc.com पर भी देख सकते हैं। -**क्षेत्रीय प्रबन्धक, मेरठ।**

